प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 04.04.2024 समय 18.30

00000

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन भरने का काम समाप्त –इस चरण में 13 सीटों के लिये 304 नामांकन।

- प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार फाइनल–ज्यादातर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में सीधा मुकाबला।

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को सोशल मीडिया पर राउंड द क्लॉक कडी नजर रखने के निर्देश दिये।

- प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की बारिश –कल और परसों भी कुछ भागों में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी के आसार।

000000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन भरने का काम आज खत्म हो गया। इस चरण के लिए 13 लोकसभा सीटों पर 218 प्रत्याशियों की ओर से 304 नामांकन भरे गये हैं। वहीं बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 5 प्रत्याशियों की ओर से छह नामांकन पत्र भरे गये हैं। निर्वाचन विभाग की ओर से नामांकन की अवधि समाप्त होने के बाद जारी आंकड़ों के अनुसार जालोर सीट पर सबसे ज्यादा 29 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे हैं। टोंक–सवाई माधोपुर से 16 प्रत्याशियों ने, अजमेर तथा पाली में 17–17, जोधपुर में 18, बाडमेर में 20, उदयपुर तथा बांसवाड़ा में आठ–आठ, चित्तौड़गढ में 22, राजसमंद में 13, भीलवाडा में 16, कोटा में 27 और झालावाड़–बारां में सात प्रत्याशियों ने नामांकन भरे हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। इसके बाद आठ अप्रैल तक नामांकन वापस लिये जा सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

00000

आज नामांकन का अंतिम दिन होने के कारण काफी गहमा गहमी रही। आज भीलवाडा में भाजपा के दामोदर अग्रवाल ने और बांसवाड़ा लोकसभा सीट से महेंद्रजीत मालवीय ने पर्चा भरा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दोनों जगह जनसभा की।

जालौर से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने नामांकन पत्र भरा। नामांकन सभा को वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संबोधित किया। चितौड़गढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी उदयलाल आंजना ने भी आज नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट मौजूद रहे। बांसवाड़ा से कांग्रेस की ओर से लोकसभा प्रत्याशी अरविंद सीता डामोर ने नामांकन दाखिल किया। उधर पाली में नामांकन के दौरान उस वक्त हलचल बढ गई जब एक व्यक्ति महात्मा गांधी के वेश में नामांकन दाखिल करने पहुंचा। दीपक बामणिया नामक इस व्यक्ति ने निर्दलीय के तौर पर नामजदगी का पर्चा भरा। आज बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के लिये भारतीय जनता पार्टी के सुभाष तंबोलिया ने अपना नामांकन एसडीएम के समक्ष पेश किया।

0000

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन की समय सीमा समाप्त होने के बाद राज्य की सभी 25 लोकसभा सीट पर उम्मीदवार फाइनल हो गए हैं। ज्यादातर सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में आमने —सामने का मुकाबला है। बाड़मेर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। नामांकन की समय सीमा खत्म होने तक कांग्रेस ने आधिकारिक रूप से बांसवाड़ा सीट से अपने प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया। हालांकि अरविंद डामोर ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन जमा कराया है। इस सीट पर भाजपा से महेंद्रजीत सिंह मालवीया और भारतीय आदिवासी पार्टी से राजकुमार रोत समेत 10 नामांकन भरे गये हैं। भारतीय जनता पार्टी ने सभी 25 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं, वहीं कांग्रेस ने सीकर सीट सीपीएम के लिए जबकि नागौर सीट अपने सहयोगी दल आरएलपी के लिए छोड़ी है।

00000

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिये विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस कडी में बून्दी में कल से 12 अप्रैल तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। डूंगरपुर में निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी और आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। केकड़ी जिला मुख्यालय पर रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। जिसमें 21 विभागो के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। टोंक के

देवली स्कूल में सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोकसभा चुनाव मे अधिक से अधिक मतदाताओ को वोट डालने का संदेश दिया गया। कोटपूतली क्षेत्र में स्वीप के अंतर्गत राजकीय अंबेडकर छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पोस्टर प्रदर्शनी के जरिये मतदान करने की प्रक्रिया समझाई गई। झालावाड़ के मनोहरथाना में छात्र–छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। साथ ही चुनाव संबंधी स्लोगन, पोस्टर, कविता पाठ, मेहन्दी और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। केन्द्रीय संचार ब्यूरो सवाईमाधोपुर की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गादोता और देवता गांव में रंगोली और संगोष्ठी के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

00000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। आज का संदेश रायपुर, ब्यावर के श्रोता ने भेजा है।

…………

00000

भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से प्रदेश में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं करेंगे। श्री मोदी चूरू में पार्टी प्रत्याशी के लिये चुनाव प्रचार करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री की सभा को देखते हुए प्रशासन की तरफ से व्यापक सुरक्षा इंतजाम किये गये है। श्री मोदी 6 अप्रैल को पुष्कर आएंगे, जहां वे नागौर और अजमेर लोकसभा क्षेत्र की चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र गोठवाल ने बताया कि पीएम मोदी की चुनावी सभा को भाजपा ने 'विजय संकल्प सभा' का नाम दिया है।

000000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से आज से समाचार बुलेटिन में विशेष श्रृंखला शुरू की जा रही है, जिसमें हम आपको हर रोज एक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की चुनावी हलचल की जानकारी देंगे। आज सुनिये इसका पहला अंक–

राजस्थान में पहले चरण में जिन 12 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे, उनमें से चुरू सीट पर सबकी नजर है। इस सीट पर इस बार रोमांचक चुनावी मुकाबला है।

...........

0000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सभी पुलिस अधीक्षकों को सोशल मीडिया पर राउंड द क्लॉक कडी नजर रखने के निर्देश दिये हैं। श्री गुप्ता ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक तथा सूचना और जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों तथा जयपुर और जोधपुर के पुलिस उपायुक्तों के साथ चुनाव के दौरान मीडिया मॉनिटरिंग को लेकर चर्चा की। पुलिस मुख्यालय से राजस्थान पुलिस के महानिरीक्षक शरत कविराज ने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सोशल मीडिया पर प्रभावी निगरानी रखी जा रही है, साथ ही सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा एक्शन भी लिया जा रहा है। श्री कविराज ने बताया कि राज्य स्तरीय मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी की सिफारिश पर अब तक 7 भ्रामक और विवादास्पद पोस्ट हटाए गए हैं। इन मामलों में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया है।

00000

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। 12 अन्य नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसदों ने भी शपथ ली। इनमें भारतीय जनता पार्टी के आरपीएन सिंह, जनता दल यूनाइटेड के संजय कुमार झा और कांग्रेस के अजय माकन शामिल हैं।

00000

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने आज नई दिल्ली के संसद भवन में धौलपुर राष्ट्रीय सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत की। ये विद्यार्थी राज्यसभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

0000

राज्य में हनुमानगढ़, चूरू, झुन्झनू, सीकर और आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटों में हल्की बारिश हुई। इस दौरान प्रदेश में तापमान सामान्य बना रहा। दिन का सबसे ज्यादा 39 डिग्री तापमान कोटा में रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 35 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तर पूर्वी हिस्सों के ऊपर एक

परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। जिसके असर से आज बीकानेर, कोटा, उदयपुर संभाग में बादल छाए रहने और कहीं–कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। कल और परसों भी प्रदेश के कुछ भागों में बादल छाए रहने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार है।

00000

बालोतरा के तिलवाडा में राज्य स्तरीय श्री मल्लीनाथ चैत्र पशु मेला कल से शुरू होगा। मेले का शुभारम्भ जिला कलेक्टर सुशील कुमार करेंगे। 649 वर्ष पुराने इस पशु मेले में देश के कई राज्यों से पशुपालक अपने पशु लेकर आते हैं। मेले में किसानों और पशुपालकों के लिये विभिन्न स्टॉल लगाये गये हैं। पशुपालकों की सुविधा के लिये मेले में जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये गये है।

00000